# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग,

23. एलनगंज, प्रयागराज – 211002

## उच्च प्राथमिक विद्यालय सहायक अध्यापक (कक्षा 6–8 तक) की भर्ती परीक्षा 2026 की संरचना व विषय वस्तुः–

सहायक अध्यापक के पद पर चयन हेतु परीक्षा में एक प्रश्न पत्र होगा, जिसके दो खण्ड होंगे। प्रथम खण्ड में 30 प्रश्न ''सामान्य ज्ञान'' विषय से सम्बन्धित होंगे जो सभी अभ्यर्थियों हेतु अनिवार्य होगा। द्वितीय खण्ड में 90 प्रश्न सम्बन्धित विषय के होगें जिसमें भाषा, सामाजिक अध्ययन तथा विज्ञान एवं गणित में किसी एक विषय का अभ्यर्थी को चयन करना अनिवार्य होगा। भाषा में संस्कृत, हिन्दी, अथवा अंग्रेजी में किसी एक का चयन करना अनिवार्य होगा।

I. परीक्षा की अवधि 2:00 घण्टे अर्थात् 120 मिनट की होगी।

II. प्रश्नों की संख्या 120 होगी।

III. गलत उत्तर दिये जाने पर 01 अंक घटा दिया जायेगा।

IV. सहायक अध्यापकों की भर्ती परीक्षा में सभी प्रश्न एक सही उत्तर के साथ चार विकल्प वाले बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) होंगे, प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का होगा।

| खण्ड | विषय वस्तु | अंक |
|---|---|---|
| प्रथम खण्ड | सामान्य ज्ञान (अनिवार्य)। | 30 |
| द्वितीय खण्ड | (क) भाषा शिक्षक के लिए (संस्कृत / हिन्दी / अंग्रेजी में से कोई एक)।<br>(ख) सामाजिक अध्ययन शिक्षक के लिए सामाजिक अध्ययन।<br>(ग) विज्ञान एवं गणित शिक्षक के लिए विज्ञान एवं गणित।<br>वैकल्पिक (क) अथवा (ख) अथवा (ग) में से कोई एक | 90 |

| विषय | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| सामान्य ज्ञान / समसामयिक घटनाएँ / तार्किक ज्ञान | 1. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाएँ।<br>2. भारत का इतिहास एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन।<br>3. भारत का भूगोल।<br>4. भारतीय राजनीति एवं शासन–संविधान, राजनीतिक व्यवस्था, पंचायती राज, लोकनीति आधिकारिक प्रकरण आदि।<br>5. आर्थिक और सामाजिक विकास सतत विकास, गरीबी अन्तर्विष्ट जनसांख्यिकीय, सामाजिक क्षेत्र के इनिशियेटिव आदि।<br>6. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी सम्बन्धी सामान्य विषय, जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन।<br>7. सामान्य विज्ञान।<br>8. Analogies, assertion and reason, binary logic, classification, clocks and calendars, coded in equalities, coding-decoding. |